हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

11 राज्योत्सव के दूसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक...

12 बिहार पहुंचे विधायक समर्थन में किया जनसंपर्क







## खबर संक्षेप

### मुड़ागांव में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा ब्लॉक के ग्राम मुड़ागांव में 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भव्य रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसके शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों को स्वागत उद्बोधन पश्चात रात्रि 8 बजे से किया जायेगा। जिसमें प्रथम सामूहिक पुरस्कार 10001, द्वितीय 7001, तृतीय 5001, युगल पुरस्कार प्रथम 4001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, एकल पुरस्कार प्रथम 2501, द्वितीय 2001, तृतीय 1501 रखा गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने सशक्त युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### जिडार में भुईयां के अंजोर कार्यक्रम 5 को


**रसेला।** ग्राम पंचायत मुढीपानी के आश्रित ग्राम जिडार में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भुईयां के अंजोर नाचा (गाजर तुपकबोरा विकास खंड बागबाहरा जिला महासमुन्द का कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने शेष पेज 11 पर

**समस्या :** हाथी दबनई और तुपेंगा के आसपास कर रहा विचरण

# एनएच 130 सी पर बीमार हाथी ने डाला डेरा, यातायात बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 09 किमी दूर ग्राम दबनई नाला के पास नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग के किनारे मंगलवार को सुबह से एक जंगली हाथी डेरा डाल दिया है कभी खेत के भीतर घुसकर जमकर फसलों को रौंद रहा है तो कभी अचानक सड़क पर आ जा रहा है जिसके कारण सुरक्षा के लिहाज से नेशनल हाइवे में बार-बार वाहनों को दोनों तरफ रोकना पड़ रहा है। वहीं इस हाथी को नजदीक से देखने मैनपुर धवलपुर व आसपास ग्रामों से बड़ी संख्या में युवा व लोग पहुंच रहे हैं। जिसके चलते भारी भीड़ लगी हुई है। ज्ञात हो कि घायल और बीमार अवस्था में दल से अलग होकर यह हाथी मैनपुर, शोभा, राजापड़ाव, जुगाड़ क्षेत्र के साथ तुहामेटा, जिड़ार, सिंहार के आसपास जमकर फसलों को नुकसान पहुंचाया है साथ ही इस हाथी ने एक ग्रामीण को मौत के घाट भी उतार चुका है यह हाथी लगातार दबनई और तुपेंगा के आसपास विचरण कर रहा है वन विभाग तथा हाथी मित्रदल के सदस्य इनके हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है तथा लोगो को हाथी से दूर रहने की सलाह दे रहे है और हाथी आने से पहले गांव में मुनादी भी कर रहे है।

### सुरक्षा को लेकर दोनों तरफ रहा जाम

मिली जानकारी के अनुसार आज मंगलवार को दोपहर से यह हाथी नेशनल हाइवे के किनारे दबनई नाला के आसपास खेतो में विचरण कर रहा है कभी नेशनल हाइवे के उपर चढ़ जाता है फिर कभी खेत में उतर जाता है यह सिलसिला कई बार होने के कारण राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर नेशनल हाइवे को दोनों तरफ से बार- बार जाम कर दिया जा रहा है। जानकारों का कहना यह हाथी सड़क पार करने की कोशिश कर रहा है लेकिन लगातार वाहनो के आवाजाही और हार्न बजने के कारण तथा भीड़ को देखकर फिर खेत में चले जा रहा है। बहरहाल वन विभाग की टीम के साथ हाथी मित्रदल के सदस्य मौके पर उपस्थित थे।




### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, 2 घायल और नवागढ़ के पास ट्रक पुल के नीचे घुसा

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग में तेज रफ्तार वाहनों की कहर जारी है। मंगलवार को मैनपुर से 04 किमी दूर गौरघाट के आगे हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार ईको कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे उसके सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गए। वहीं नवागढ़ के पास तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर घुस गया। इस मार्ग में इन दिनों लगातार दुर्घटनाएं बढ़ गई है।

# राजिम संगम पर आज लगेगी नदिया मड़ई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 5 नवंबर को राजिम संगम के तीनों नदी के बीच भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव मंदिर और लोमष ऋषि आश्रम के समीप नदिया मड़ई का आयोजन होने जा रहा है। राजिम क्षेत्र में इस प्रसिद्ध नदिया मड़ई का बहुत ही ज्यादा महत्व है। नदिया मड़ई के बाद आसपास के गांवों में मड़ई का दौर शुरू हो जाएगा। श्रद्धालुजन पुन्नी नहाने के लिए बड़ी संख्या में तड़के 4 बजे पहुंच जाएंगे।



■ कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ेगी भक्तों की भारी भीड़

फिर यह सिलसिला सुबह के होते तक चलेगा। भक्तजन भगवान श्री राजीव लोचन और भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना करेंगे। कार्तिक में पूरे महिने भर सुबह स्नान करने वाले आज लोमष ऋषि आश्रम के भीतर आंवला पेड़ के नीचे आंवला-भात भी खाने के लिए पहुंचेंगे। यह श्रद्धा और विश्वास के चलते आदिकाल से होते चला आ रहा है। इस परंपरा को हर देहात क्षेत्र के गांव में आज भी लोग बड़े जोर शोर से मानते चले आ रहे हैं। खासतौर से वे महिलाएं एवं युवतियां इसे मानती है, जो पूरे कार्तिक माह शेष पेज 11 पर



प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर में बोल कालिया जयघोष के साथ ध्वज परिवर्तन किया गया

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर स्थित जगन्नाथ मंदिर में शनिवार को श्री शालिग्राम तुलसी विवाह पुजन अर्चना किया गया एवं रविवार को जगन्नाथ मंदिर में पवित्र देव उत्थान जात्रा जेठौनी एकादशी का महापर्व बड़ी धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर 4 बजे मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडेय द्वारा पंच ध्वनि वेद मंत्रों के साथ श्री महाप्रभु का गोविदांभिषेक किया गया। जिसमें सप्त सागर, सप्त पवित्र नदियों के जल से दुध, दही गंगाजल पंचामृत शहद विविध फलों के रस से महाप्रभु का गोविंदाभिषेक किया गया एवं श्री मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज परिवर्तन किया।

### अशोक ने पांच गौरव पथ बनाने डिप्टी सीएम साव को लिखा पत्र

**राजिम।** नवदीप जन कल्याण समिति नगर विकास मंच राजिम के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि राजिम नगर की सड़कें बहुत ही सकरी है, इसे देखते हुए यहां पांच गौरव पथ बनाया जाना चाहिए।



पहला पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक से सिंधौरी ग्राम तक, दूसरा पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से कोमा तक, तीसरा राजिम भक्तिन माता चौक से पीपरछेड़ी तक, चौथा क्षत्रपति शिवाजी चौक से पितईबंद तक, पांचवा अटल चौक से चौबेबांधा पुल तक। श्री मिश्रा ने मांग करते हुए कहा है कि यहां प्रतिवर्ष कुंभ मेला का आयोजन होता है। सड़के सकरी होने से दिन भर जाम लगा रहता है जिसके कारण घटना-दुर्घटनाएं होती रहती है। बताया कि इस संबंध में उन्होने गौरव पथ बनाने के लिए नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव को पत्र भी लिखा है। मांग करने वालो में श्री मिश्रा के अलावा नवदीप जन कल्याण सेवा समिति के सदस्य मोहन साहू, बी पार्कर ओपी शुक्ला एन कुमार साहू अशोक गुप्ता गिरीश यादव शामिल है।

### जामगांव में डीजेडांस प्रतियोगिता आज

**जामगांव।** नव जागरण सेवा संस्थान एवं समस्त ग्रामवासी अटल चौक जामगांव के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता दिनांक 5 नवंबर को समय-संध्या 6:00 बजे से आयोजित की गई है। अध्यक्ष अरूण सिन्हा, सहकारी समिति अध्यक्ष कोमल ढीढी ने कहा छत्तीसगढ़ रजत जयंती, दीपावली, देवउठनी एवं कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व में राज्य स्तरीय भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र भर के कलाकार भाग ले सकते हैं जिसकी प्रवेश शुल्क सामूहिक 100 रु. , युगल 200 रु., एकल 100 रु. होगी। सामूहिक नृत्य प्रथम 10000 रु., द्वितीय-पुरस्कार-, 7000 रु., तीसरा 5000, चतुर्थ पुरस्कार 3000, पंचम 2000 रु. इसी तरह युगल नृत्य और एकल नृत्य में आकर्षक नगद पुरस्कार रखे गए हैं। संरक्षक कोमल दीदी, उपाध्यक्ष अरुणकुमार सिन्हा, मेवालाल तारक, शिवराम सिन्हा व्यवस्था तैयार में लगे हैं।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम डुडुमचुंवा में ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को नीलांबर राठिया ग्राम डुडुमचुंवा ने बताया कि 3 नवंबर की शाम लगभग 04-05 बजे टीकाराम राठिया रोड की ओर जा रहा था।

# प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग ओडिशा बॉर्डर पर स्थित गोधस जलप्रपात, जहां मिलती है मन को शांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

पूर्वि भारत में स्थित ओडिशा कई खूबसूरत जगहों पर और बेजोड़ प्राकृतिक सुन्दरता का घर है। बेजोड़ प्राकृतिक नजारों का घर होने के बावजूद भी ओडिशा आज भी पर्यटकों की नजरों से दूर हें। प्राचीन वास्तुकला से निर्मित मंदिर, समुद्र और खुबसूरत झरने है, जी हां झरने, ओडिशा में कई ऐसी खूबसूरत झरने है, जो ओडिशा के पर्यटन में खास भूमिका निभाते हैं। ज्ञात हो कि रसेला से 7 किलोमीटर दूर पर ओडिशा बार्डर की शुरुआत हो जाती है। रसेला से धरमबाधा 15 किलोमीटर वहीं धरमबाधा से गोधस 10 किलोमीटर दूर पर स्थित है। झरना सुनाबेडा वन्यजीव अभयारण्य में है और नुआपड़ा जिला से 29 किमी और रायपुर से 144 किमी दूर है। यह झरना 200 मीटर की ऊंचाई से दो भागों में एक ही स्थान पर गिरता है और खूबसूरत पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है। गोधस झरना ओडिशा में एक छुपा हुआ रत्न है जो शहर के जीवन की हलचल से दूर एक शांतिपूर्ण वापसी प्रदान करता है, जो इसे प्राकृतिक सुन्दरता और शांति की तलाश करने वालों के लिए एक सार्थक गंतव्य बनाता है। झरना स्वच्छ और ठंडा पानी उत्पन्न करता है, जो इस जगह को प्राकृतिक स्नान के लिए अद्भुत बनाता है। सर्दियों में यहां पिकनिक मनाने का सबसे अच्छा समय है। झरना प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर है और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक अच्छी जगह है।

**गोधस झरना दो हिस्सों में बंटकर गिरने वाला झरना है, लगभग 200 फीट ऊंचाई से गिर रहा जलप्रपात**



#### दूर-दूर से आते हैं पर्यटक

गोधस झरना इस क्षेत्र के सबसे अच्छे पर्यटन स्थलों में से एक है। गोधस जलप्रपात देखने का सबसे अच्छा समय मानसून जून से सितम्बर के दौरान होता है, जब झरना अपने पूरे चरम पर होता है। इस खूबसूरत झरने, जिनकी शीतलता मन को और आत्मा को शांति पहुंचाती है। जहां अक्सर प्रकृति प्रेमी रंग बिरंगे पक्षियों को निहारने पहुंचते हैं। इसलिए दूर- दूर से पर्यटक इस झरने की सैर करने आते हैं। सर्दियों के दौरान अधिक पर्यटक यहां आकर्षित होते हैं। यहां पानी को नीचे गिरते हुए देखना एक रोमांचक अनुभव साबित होता है। आस-पास का क्षेत्र हरा भरा होने के कारण पर्यटकों को यह जगह और ज्यादा लुभाती है। हरे भरे वातावरण के बीच पानी की आवाज इस स्थान पर बांधे रखेगी।

## आरोप : भ्रष्टाचार और लापरवाही का अड्डा बना नगर पंचायत कार्यालय

# कोपरा सीएमओ पर भ्रष्टाचार और मनमानी के गंभीर आरोप, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- फर्जी कोटेशन और अपनों को ठेके देने के आरोप

नगर पंचायत कोपरा में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) श्यामलाल वर्मा के खिलाफ नगर के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को वार्ड पार्षद शिवम सिन्हा एवं विद्या कुमार साहू सहित कई जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचकर लिखित शिकायत सौंपी। आवेदन में सीएमओ पर भारी भ्रष्टाचार, मनमानी और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में उल्लेख है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन से स्वीकृत 11 विकास कार्यों में सीएमओ ने निर्धारित मापदंडों को ताक पर रखकर अपने मनपसंद ठेकेदारों को ठेका दिया। नतीजतन, निर्माणाधीन सीसी रोड और नालियां अभी पूर्ण भी नहीं हुई हैं और पहले ही टूटने लगी हैं। इसके बावजूद ठेकेदारों को पूरा भुगतान कर दिया गया। पार्षदों का कहना है कि इस भुगतान प्रक्रिया में सीएमओ ने भारी कमीशन वसूली की है।




#### नागरिकों से उगाही, नगरवासी त्रस्त

सीएमओ पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अब तक 100 से अधिक नागरिकों को निजी भूमि पर निर्माण कार्य करने पर नोटिस जारी कर लाखों रुपये की अवैध उगाही की है। बताया जा रहा है कि सीएमओ अधिकांश समय अपने गृह ग्राम में रहते हैं, जिससे नगर की मूलभूत सुविधाएं जैसे साफ-सफाई, जलापूर्ति और प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई हैं। पार्षदों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर गरियाबंद ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राजिम के सीडीएम को जांच सौंपी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी आरोपों की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत किया जाए।

#### सफाई कर्मचारियों से वसूला जा रहा रिटर्न कमीशन

पार्षदों ने यह भी बताया कि सफाई कर्मचारियों के वेतन में सीएमओ द्वारा अवैध कटौती की जा रही है। शासन से स्वीकृत 334 की मजदूरी में से 134 रिटर्न कमीशन के रूप में वसूल लिया जाता है। नगर पंचायत के प्लेसमेंट ठेकेदार का नाम भी गोपनीय रखा गया है। आरोप है कि सीएमओ ने अपने परिचित को ही ठेका दिया है और फर्जी कोटेशन के माध्यम से खरीदी-बिक्री में घपला किया जा रहा है।

#### नगरवासियों में रोष कार्रवाई की मांग

नगरवासियों का कहना है कि नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण कोपरा का विकास ठप पड़ गया है। नागरिकों ने भी कलेक्टर से मांग की है कि दोषी अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए स्थानांतरण एवं निलंबन की कार्रवाई की जाए।

# सभी मतदाताओं को भरना होगा परिगणना फार्म : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

देश के 12 राज्यों में जिसमें छत्तीसगढ़ भी है। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, रसेला के सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, सचिव रुपसिग यादव ने कहा कि सभी मतदाताओं को अपना परिगणना फार्म भरकर उसे जमा करवाना होगा। फार्म जमा नहीं करवाने पर आपका नाम मतदाता सूची में नहीं आएगा। फार्म भरने का उद्देश्य : यादव ने बताया कि फार्म भरने का उद्देश्य मृत व्यक्तियों के नाम हटाना, स्थायी रूप से निवास बदलने वालों का नाम हटाना, किसी मतदाता का दो स्थानों पर पंजीकरण हो उसे निरस्त करना। फर्जी मतदाताओं का नाम हटाना। शुद्ध स्वच्छ व पारदर्शी मतदाता सूचियों का निर्माण करना। पुनः पंजीकरण प्रक्रिया : पुनः पंजीकरण प्रक्रिया है इसमें अपना फार्म भरने से पूर्व आप अपने 2 नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो जरूर खिचवा ले, जिसका बैकग्राउंड सफेद होना चाहिए, आप सभी को परिगणना फार्म उपलब्ध करवाया जाएगा, जिसे निश्चित समय में भरकर जमा करना होगा।



फार्म के साथ आपको 11 दस्तावेजों की सूची में से कोई भी दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। न्यू दस्तावेजों की सूची के लिए आवश्यक सामग्री : दस्तावेजों की सूची के लिए केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार/ पीएसयू के नियमित कर्मचारियों को जारी पहचान पत्र या पेंशन कार्ड, भारत में 01/07/1987 से पूर्व सरकार/ बैक/ डाकघर / या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मूलनिवास प्रमाण पत्र, 10 वीं बोर्ड की अंक तालिका मय प्रमाण पत्र,वन अधिकार प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग/ अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति या अन्य जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर ( जहां लागू हो ) राज्य स्थानीय अधिकारियों द्वारा किया गया परिवार रजिस्टर, सरपंच, उपसरपंच, सचिव ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने वाली है, आप अपने परिवार व आसपास के लोगों तक इसकी सूचना पहुंचाएं। उन्हें भी दस्तावेज तैयार करने के लिए प्रेरित करें, जिससे पारदर्शी मतदाता सूचियों का निर्माण हो सके। आपका वोट आपका अधिकार है। जागरूक मतदाता बने व परिगणना फार्म भरकर जमा करवाए।

# लचकेरा हाईस्कूल की 18 छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर




शासकिय हाईस्कूल लचकेरा में कक्षा 9वीं के 18 छात्राओं को शासन के सरस्वती सायकिल योजना के अंर्तगत साइकिल का वितरण ग्राम पंचायत लचकेरा के सरपंच अरुण ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कोमल ढीढी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुपेश साहू सदस्य जन भागीदारी समिति एवं जनप्रतिनिधी एवं पालकों की उपस्थिति में किया गया। सरपंच अरुण ध्रुव ने बालिकाओं को सायकिल से नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।जिला पंचायत प्रतिनिधि कोमल ढीढी ने बालिकाओं को सायकिल मिलने की बधाई दी एवं सायकिल वितरण को दीपावली त्योहार पर छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय सरकार की तरफ से उपहार बताया। जन भागीदारी एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुपेश साहू ने भी वालिकाकों को अच्छे से पढ़ाई करने और अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने के लिए कहा। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य सिन्धु साहू ने कहा कि सरकार बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क रूप से छात्रओं को साइकिल प्रदान कर रही है।सभी छात्रें को कहना चाहती हूं कि मन लगाकर पढ़ाई करे और नियमित रूप से स्कूल पढ़ने आवे। यही सरकार का उद्देश्य भी है। व्याख्याता अलका शर्मा ने उपस्थित उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कुल 18 साइकिल छात्रओं को वितरण किया गया साइकिल पाकर के सभी बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। उक्त सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम समारोह में प्रमुख रूप से सरपंच अरुण ध्रुव, जिला पंचायत प्रतिनिधि कोमल ढीढी, जन भागीदारी अध्यक्ष गुपेश साहू, प्राचार्य सिंधु साहू , व्याख्याता कु. अल्का शर्मा, मंजू साडू, व्याख्याता संपत पटेल, संकुल समन्वयक जगेश्वर ध्रुव, ग्रामवासी सुरेश निषाद, कृष्ण कुमार, बीरेन्द्र कुमार, भादूराम, मन्नू सिन्हा, गंगाराम साहू,

#### मकसूदन साहू बने फिंगेश्वर जनपद में सांसद प्रतिनिधि

**फिंगेश्वर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कौंदकेरा निवासी मकसूदन साहू को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूप कुमारी चौधरी ने जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सांसद प्रतिनिधि बनाने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए मकसूदन साहू को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बनने के बाद फिंगेश्वर आगमन पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारी ने गुलदस्ता एवं श्रीफल भेंट कर तिलक लगाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों मे भाजपा मंडल के महामंत्री भुवन साहू, वरिष्ट भाजपा नेता रामूराम साहू, अशोक साहू, किरण सोनी, राकेश सिन्हा, भुनेश्वर साहू आदि कार्यकर्ता शामिल थे।



# बैंक कर्मचारियों के हड़ताल को कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



जिला सहकारी बैंक कर्मचारी संघ ने अपना क्रमिक आंदोलन शुरू कर दिया। पहले दिन काली पट्टी लगाकर विरोध जताया। इसके बाद 06 नवम्बर को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर बैंक की सभी शाखाएं एवं एटीएम बंद रखेंगे। उसके उपरांत भी स्वीकृति आदेश जारी नहीं करने पर 12 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी। उनके हड़ताल को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बाल मुकुंद मिश्रा ने अपना समर्थन व्यक्त करते हो कहा कि बैंक कर्मचारियों की मांग जायज है सरकार को उनकी मांगों को गंभीरता पूर्वक विचार करके पूरी करना चाहिए, जिससे धान की खरीदी एवं राशि भुगतान सहित सभी बैंकिंग कार्य तथा बैंक द्वारा संचालित समस्त शासकीय योजनाओं से संबंधित सेवाएं ठप की जायेंगी। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहन लाल साहू ने बताया कि रायपुर, महासमुन्द, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ स्थित 73 शाखाओं के कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। वे सभी वर्ष 2021 से देय वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णयादेशों के उपरांत भी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ, छग द्वारा नहीं दिया जा रहा। उल्लेखनीय है कि, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के सेवायुक्तों को प्रतिवर्ष 01 अप्रैल से वार्षिक वेतनवृद्धि दिया जाता रहा है, किन्तु बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ, वर्ष 2021 से लगातार 5 वर्षों से वेतनवृद्धि का लाभ नहीं दिया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि सहकारिता पंजीयक द्वारा प्रदेश के अन्य जिला सहकारी बैंकों एवं अपेक्स बैंक हेतु जारी आदेश से भिन्न सहकारी बैंक में प्रचलित सेवानियम के प्रावधानों के विपरीत पवनाथन कमेटी की सिफारिशों का हवाला देते हुए, जिला बैंक रायपुर हेतु बंधनकारी आदेश जारी करते हुए वार्षिक वेतनवृद्धि को बाधित किया गया है, जो कि दुर्भावनापूर्ण है। प्रमुख रूप से शाखा प्रबंधक सोम, गजेन्द्र साहू, सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

## थाना पाण्डुका पुलिस ने हासिल की बड़ी सफलता


# जंगली बिल्ली के खाल की तस्करी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में वन्य जीवों की अवैध तस्करी और बिक्री पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में थाना पाण्डुका पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जंगली बिल्ली की खाल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम टोईयामुडा मोड़ एनएच-130सी, मेन रोड के पास दो व्यक्ति एक थैले में जंगली जानवर की खाल रखकर ग्राहक की तलाश में बैठे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी पाण्डुका ने तुरंत टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को वहां दो संदिग्ध व्यक्ति चबूतरे पर बैठे मिले, जिनके पास एक पुराना रंगीन कपड़े का थैला था।



पूछताछ में दोनों ने अपना नाम राकेश सौरा पिता पीलाराम सौरा (35 वर्ष), निवासी लखौली, थाना आरंग, जिला रायपुर, राकेश कुमार सौरा पिता अमिताभ सौरा (22 वर्ष), निवासी लखौली, थाना आरंग, जिला रायपुर बताया। पुलिस ने जब थैले की जांच की तो उसमें जंगली बिल्ली की खाल बरामद हुई। आरोपियों से खाल रखने और बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके।थाना पाण्डुका पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 2, 39, 44, 51, 52 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में गांजा, वन्य जीवों की तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई है।



# ओड़िशा उपचुनाव प्रचार में मैनपुर से पहुंचे बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले से लगे सीमावर्ती ओड़िशा प्रदेश के नुआपड़ा में विधानसभा उपचुनाव का चुनाव प्रचार तेजगति से चल रहा है और आगामी 11 नवम्बर को यहां मतदान होना है जिसके चलते छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा स्टार प्रचार की सूची जारी किया गया है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव पिछले एक सप्ताह से चुनाव प्रचार में लगे हुए है यहां नुआपड़ा में कांग्रेस ने घांसीराम मांझी को प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा है और घांसीराम मांझी का मैनपुर से पारिवारिक संबंध भी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस के स्थानीय नेता ओड़िशा पहुंचकर चुनाव प्रचार की कमान संभाले और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में कई जगह सभा लिए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं गेंदु यादव ने बताया पंडरीपानी, धरमबांधा, सुरूमपानी, भरूवामुड़ा, लोडरा, कटिंगपानी पहुंचकर चुनाव प्रचार किये इनके साथ कांग्रेस प्रत्याशी भी पहुंचे थे वही इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महामंत्री नेहाल नेताम, शांतुराम यादव, लोचन निर्मलकर, खेलन साहू, डोमार साहू, महिला कांग्रेस पुरी के अध्यक्ष निरूपुमा पात्र, अनिता पात्र, हराबती एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने नकली दवाओं के निर्माण में लगाई रोक

**गरियाबंद।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा नकली दवाओं की रोकथाम के लिए निरंतर निरीक्षण एवं सघन अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में औषधि बेस्टो कॉफ ड्राई कॉफ फार्मूला जिसमें बैच नंबर, निर्माण तिथि एवं एक्सपायरी तिथि वर्णित नहीं था। जिसका नमूना संकलन औषधि निरीक्षक द्वारा किया गया। इसके जांच के लिए औषधि परिक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया था। जिसे जाँच उपरांत अवमानक घोषित किया गया। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए औषधि के लेबल में लिखित निर्माता फर्म से पत्रचार किया गया। जिसमें पता चला कि इस औषधि के लेबल में वर्णित निर्माता फर्म के द्वारा इसे विनिर्मित नहीं किया गया है एवं यह औषधि नकली औषधि है। जिस पर विवेचना करते हुए आज कुलेश्वर मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स के संचालक सीताराम साहू को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के प्रावधानों के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया।

**पेज 9 के शेष...**

### जिडार में भुईयां के...

में समस्त ग्रामवासी जिडार के लोग जुटे हुए हैं। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम की शोभा बढाए तथा इसकी सफलता में सहभागिता निभाएं की अपील की गई है।

### राजिम संगम पर...

भर कार्तिक नहाने के लिए तालाब या नदी में जाती है। मालूम हो कि नदी के बीच लगने वाले मड़ई में भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। पूरे नदी क्षेत्र में तरह-तरह की दुकाने सजेंगी। इसी तरह पिकनिक मनाने के लिए भी लोग सपरिवार बड़ी संख्या में यहां आएंगे। धार्मिक नगरी होने के कारण दिन भर मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। एक तरह से यह राजिम और नवापारा का मिनी राजिम मेला है जहां दोपहर से लेकर देर रात तक लोगो की भारी भीड़ रहेगी। इस मेला स्थल में गरियाबंद जिला के राजिम पुलिस, धमतरी जिला के बड़ी करेली पुलिस और रायपुर जिला के नवापारा पुलिस तैनात होंगे। चूंकि यह स्थल तीनों जिला के सरहद में पड़ता है। लोग यहां बहुत ही श्रद्धा और आस्था के चलते महादेव के दर्शन करते है और उसके बाद फिर मड़ई का आनंद लेते है।

**राज्योत्सव : लोकनृत्य एवं लोकगीत से दर्शक हुए गदगद**

# राज्योत्सव के दूसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





- कलेक्टर उइके सहित जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 के दूसरे दिन सोमवार को कलेक्टर बीएस उइके, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, आशीष शर्मा, सुरेन्द्र सोनटेके, राधेश्याम सोनवानी, अजय रोहरा ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। आज राज्योत्सव के दूसरे दिन भी विविध मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इन कार्यक्रमों में जिले के शैक्षणिक संस्थानों एवं गैर-शालेय दलों के कलाकार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, लोकनृत्य एवं लोकगीत से दर्शक गदगद हुए। कार्यक्रम में शालेय दलों की प्रस्तुतियों की शुरुआत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्वामी आत्मानंद (हिंदी माध्यम) गरियाबंद के विद्यार्थियों द्वारा हल्बी गीत से की गई। इसके पश्चात स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद के छात्राओं द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुत दी गई। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गरियाबंद के छात्र-छात्राएं ने करमा नृत्य, तथा कमार आवासीय विद्यालय दर्रापारा के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके अलावा पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास गरियाबंद का लोकनृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल का परब नृत्य, और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद का करमा नृत्य मंच पर प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा सुआ नृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा पंथी नृत्य, तथा स्प्रिंग बोर्ड हाई स्कूल सोहागपुर के विद्यार्थियों द्वारा राउत नाचा की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। गैर शालेय दलों में भी लोककला की विविधता देखने को मिला। इनमें जय सतनाम समूह ग्राम बासीन के कलाकार पंथी नृत्य, जय चंडी झांकी मंडली कुटेना के कलाकारों ने झांकी प्रदर्शन और जय मां शीतला पंडवानी पार्टी राजपुर द्वारा पंडवानी गायन प्रस्तुत किया। इसके अलावा चिन्हारी लोक नर्तक दल गरियाबंद द्वारा लोकनृत्य, मिलवन्तीन बाई मानिकपुरी द्वारा सुआ नृत्य पार्टी तथा तेजराम बांधे के नेतृत्व में मंगल भजन की आकर्षक प्रस्तुति दी।



## पिपरौद व थनौद साहू संघ के चुनाव में विधायक समर्थकों ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

पुरे छत्तीसगढ में साहू समाज का चुनाव का दौर चला रहा है . सामाजिक व्यक्ति इसे रुचि भी ले रहे जहां प्रदेश का चुनाव समन्वय से बना वहीं तहसील अभनपुर के परिक्षेत्र चुनाव में पेनल तैयार कर चुनाव हो रहे हैं । अभनपुर के सभी राजनीतिक व्यक्ति भी इस चुनाव मे हस्तक्षेप रहता है चुनाव मे बढ़चढ़ कर रूचि लेते है और अपने पैनल को जीताने के लिए प्रयास करते है क्योंकि सामाजिक शक्ति का महत्व विधानसभा मे दिखता है इसलिए नेताओ की खास रूचि सामाजिक चुनाव मे रहती है। तहसील साहू संघ के अन्तर्गत आने वाले पिपरौद परिक्षेत्र एवं थनौद परिक्षेत्र के चुनाव में विधायक इन्द्रकुमार साहु समर्थित प्रत्याशियों बाजी मार ली है। साहू समाज परिक्षेत्र पिपरौद अध्यक्ष पारसमणी साहू, उपाध्यक्ष श्रीमति भूमिका साहू, उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, संगठन सचिव शिवकुमर साहू, संगठन सचिव श्रीमति भोज कुमारी साहू विजयी रही वहां परिक्षेत्र साहू समाज थनौद अध्यक्ष पद पर तुलाराम साहू, उपाध्यक्ष राकेश साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमति डामिन साहू, संगठन सचिव श्रीमति कुलेश्वरी साहु एवं संगठन सचिव पद पर मोहित साहू विजयी हुये । सभी विजयी प्रत्याशी विधायक इन्द्रकुमार साहु से मिले विधायक ने सभी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष खेलू राम साहू, तामासिवनी मंडल अध्यक्ष तोषण साहू, निर्मल साहू, परदेशी राम साहू,राघवेंद्र साहू, ईश्वर साहू व समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने बधाई दी।

# सामुदायिक भवन में दुर्गा चालीसा एवं अखंड पाठ का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नगर के तर्री रोड स्थित सामुदायिक भवन में श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सभी जाति,धर्म, संप्रदाय के धर्म प्रेमी, अध्यात्म प्रेमियो ने दुर्गा चालीसा का अखंड पाठ किया और इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर अपने जीवन को धन्य बनाया। बताया गया है कि परम पूज्य गुरुदेव परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज द्वारा विश्व शांति, जनकल्याण, सामाजिक सदभावना,धर्म रक्षा एवं आत्मा उत्थान के लिए श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन जन-जन के कल्याण के लिए भारत के प्रत्येक प्रांत, जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर पर श्री दुर्गा चालीसा का अखंड पाठ एवं दिव्य आरती का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन को भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा कराए जा रहे हैं। धार्मिक अनुष्ठान में शारीरिक शुद्धता एवं नशा मुक्ति के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। अनुष्ठान का आयोजन नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू द्वारा किया गया। जिसमें कमलेश साहू, खिलेश्वरी, शेखर निषाद सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

# लोहझर में हुआ कवि सम्मेलन एक प्रयास का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



ग्राम लोहझर में देव उठनी के पावन अवसर पर कवि सम्मेलन एक प्रयास 2025 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का प्रारम्भ मुख्य अतिथि फलेन्द्र ठाकुर अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, धनी राम यदु, और वरिष्ठ कवियों के द्वारा माँ शारदे के छायाचित्र पर पूजा अर्चना करके किया गया। कवि सम्मेलन में वारिष्ठ कवि अशोक वर्मा ने भक्ति रस रचना से समा बांधा, कवि गोविन्द कपड़ा वाला के मोहब्बत की गजल को लोगो ने खूब वाह वाह लूटी, कवि युवराज साहू, की जुगल बंदी, कवि देवनारायण यदु की साहित्यिक रचना, कवि विनोद यादव की बफे सिस्टम की कविता ने खूब आनंद लिया। युवा कवि पवन ध्रुव गोल्ड़न की फेमस चंदा पर हास्य कविता ने खूब तालिया बटोरी, इसी तरह कवि ओपी यादव की भक्ति रस, कवि ललित साहू की साहित्यिक विधा, कवि हेमलाल पटेल की आधुनिक व्यथा की कविता, विजय यदु, की आवास योजना, युवा कवि अरुण ठाकुर की हास्य रचना योगेश यादव की रचना और सभी को बांधकर संचालन की भूमिका में रहे कवि नोहर लाल पटेल ने खूब वाहवाही बटोरी। कवि सम्मेलन को देखने ग्राम सहित आसपास के ग्राम से हजारों दर्शक ने महफिल का मजा लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवा मंच के संचालक शंकर लाल यदु शिक्षक, भोज पटेल शिक्षक, हुबलाल पटेल,पवन ध्रुव, चोवा राम निषाद, राजेश यादव, युवराज पटेल सभी का बहुत अच्छा सहयोग रहा।

## विधायक इन्द्रकुमार साहू की अनुशंसा पर स्वीकृति मिली

# अभनपुर की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 188.50 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



विधानसभा क्षेत्र अभनपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में वर्ष 2025-26 के लिए कुल 188.50 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों की विधायक इन्द्रकुमार साहू की अनुशंसा पर स्वीकृति मिली है। साथ ही मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना और जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय रायपुर से भी कई प्रमुख कार्य स्वीकृत किए गए हैं जिसमे चबूतरा निर्माण (मिनीमाता चौक वार्ड क्रमांक 1) ग्राम भिलाई 3 लाख,ग्राम पंधी रंगमंच निर्माण 5 लाख,कामगार शेड निर्माण ग्राम भलेरा 6 लाख, सी.सी. रोड निर्माण (ललित घर से मुक्तिधाम तक) ग्राम पाहंदा 10 लाख,रंगमंच निर्माण ग्राम खपरी 5लाख,सी.सी. रोड (अजय घर से रामानंद घर तक) अकोलीखुर्द 3 लाख,सी.सी. रोड (धरसा रोड से ठाकुर देव मार्ग तक) अकोलीखुर्द 3 लाख,सामुदायिक भवन चितावर तालाब के पास) ग्राम डगनिया 4 लाख,कामगार शेड निर्माण शीतला तालाब ग्राम चांपाझर 7 लाख,रंगमंच निर्माण ग्राम पटेवा 3 लाख,रंगमंच निर्माण बजरंग चौक ग्राम कुर्रा 5 लाख,कामगार शेड निर्माण शीतला तालाब ग्राम चिपरीडीह 5 लाख,आहाता निर्माण महिला भवन ग्राम तर्री 3 लाख,प्रार्थना शेड निर्माण शापूमा विद्या.ग्राम दुलना 6 लाख,कामगार शेड निर्माण ग्राम परसदा सोंठ 5 लाख,सामुदायिक भवन पीपर चौक ग्राम सोंठ 3 लाख,कामगार शेड निर्माण चंडी तालाब के पास ग्राम पिपरौद 5 लाख,कामगार शेड निर्माण ग्राम घोंठ 5 लाख,कामगार शेड निर्माण ग्राम सोनेसिल्ली 3 लाख,कामगार शेड निर्माण ग्राम आलेखुटा 5 लाख,सीसी रोड निर्माण जवईबांधा 2.50 लाख,रंगमंच निर्माण गांधी चौक टोकरो 4 लाख,कामगार शेड निर्माण सनातन मंच के पास ग्राम केन्द्री 4 लाख,प्रार्थना शेड निर्माण ग्राम सिवनी 5 लाख,सामुदायिक भवन निर्माण नायकबांधा 5 लाख,रंगमंच सह कक्ष निर्माण सिवनी 5 लाख,कामगार शेड निर्माण धुसेरा 5 लाख,कामगार शेड निर्माण सह पेवर ब्लॉक ग्राम देवारभाठा 2 लाख,कामगार शेड निर्माण सिंगारभाठा 5 लाख,रंगमंच निर्माण ग्राम सलौनी 5 लाख,रंगमंच निर्माण सारखी 5 लाख,सीसी रोड सह नाली निर्माण कोपेडीह 2 लाख,कामगार शेड निर्माण उल्बा 3 लाख,रंगमंच निर्माण भाठापारा बेलर 3 लाख,कामगार शेड निर्माण लमकेनी 5 लाख,रंगमंच निर्माण गौठान मे टेकारी 3 लाख,आहात निर्माण टेकारी 5 लाख,प्रार्थना शेड निर्माण कन्हेरा 5 लाख,कामगार शेड निर्माण जुलुम 5 लाख,रंगमंच निर्माण कठिया 4 लाख,अंडरग्रांउड नाली निर्माण व पेवर ब्लॉक नवागांव(क)5 लाख,रंगमंच निर्माण ग्राम तोरला 2 लाख,चबुतरा निर्माण व पेवर ब्लॉक घोरभट्टी 5 लाख,रंगमंच निर्माण ग्राम उमरपोटी 5 लाख,सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम मंदलोर 20 लाख,कामगार शेड निर्माण ग्राम तूता 5 लाख,सामुदायिक भवन थनौद 5 लाख,सीसी रोड निर्माण मानिकचौरी 6 लाख,सीसी रोड निर्माण धुसेरा 5 लाख,सामुदायिक भवन तर्री 7 लाख,सामुदायिक भवन निर्माण कुर्रू 10 लाख, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत शेड निर्माण रवेली 5.20 लाख,सामुदायिक भवन उल्बा 6.50 लाख,रंगमंच निर्माण टोकरो 5.20 लाख की स्वीकृति मिली है। उक्त विकास कार्यो की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के सरपंच,पंच व ग्रामवासियो ने विधायक श्री साहू के प्रति आभार व्यक्त करते बधाई प्रेषित किया है।

**॥ शोक श्रद्धांजलि ॥**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



जन्मतिथि 01/01/1939
स्वर्गवास 01/11/2025

**स्व. धनेशराम निर्मलकर**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि स्व. धनेशराम निर्मलकर जी का स्वर्गवास दिनांक 01/11/2025 दिन शनिवार को हो गया है, जिनकी अन्त्योष्ठी क्रिया एवं ब्रम्हविलिन आत्मा शांति हेतु सहपरिवार पधार कर शांति प्रदान करें।

-:: कार्यक्रम ::-
पंचनाहवन- 05/11/2025, दिन- बुधवार
कार्यक्रम स्थल- टीकरापारा बैगागुड़ी के पास, ग्राम- लोहरसी तालाब कार्यक्रम समय दोपहर 12 बजे

शोकाकुल परिवार :-
कुमार, यशवंत, लक्ष्मीनाथ, परमेश्वर, विष्णु, दिलीप, भूषण, सेवक, भोज, ब्रम्हा, दीपचंद, भोला, कुलेश्वर, छयांश, षन्मुख, भूमि एवं समस्त निर्मलकर परिवार।

-:: विनीत ::-
देवबती निर्मलकर (पत्नि)
मुकेश निर्मलकर (पुत्र बड़ा)
लीलाराम निर्मलकर (पुत्र छोटा)
मो.- 8827292713

नोटः-जिन सज्जनों को शोक पत्र नहीं मिला हो इसे ही आमंत्रण समझे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अमित बघेल पर कार्रवाई की मांग

**छुरा।** नगर के सिंधी पंचायत ने थाना में ज्ञापन सौंप कर कहा कि अमित बघेल जो रायपुर का निवासी है मीडिया के समक्ष दिए बयान में सिंधी समाज के ईष्टदेव संत झूलेलाल के विरूद्ध आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए सिंधी समाज को पाकिस्तानी होना कहा गया है जिससे सिंधी समाज अत्यंत आहत एवं कोधित है। अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के लोगों को पाकिस्तानी सिंधी कह कर आपमानित तक किया गया है अपितु हमारा समाज विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से सर्व समाज सेवा के कार्यों के लिए सदेव अग्रणी होकर तन, मन, धन से अर्पित है। हमारा समाज संपूर्ण छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन लगभग भारतवर्ष में व्यवसाय की रीढ़ है। लेकिन अमित बघेल जैसे मानसिक विक्षिप्त बड़वोले व्यक्ति द्वारा सिंधी समाज के असंख्य लोगों के आराध्य संत झूलेलाल, अग्रवाल समाज के महाराजा अग्रसेन प्रेरणा स्त्रोत पं. श्यामाप्रसाद मुखार्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के विरुद्द अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है जिससे संपूर्ण समाज में अत्याधिक रोष व्याप्त है। प्रमुख रूप सफर सचदेव, रिंकू सचदेव ,चंदूलाल नागदेव, सुरेश सीतलानी, शंकर सीतलानी, सुनील शेतलानी, संतोष सचदेव, यश सचदेव, संजू सचदेव, रजत कुकरेजा, राजेश थादानी, मनोज माधवानी, यश नागदेव, शंकर पंजवानी, पंकज पंजवानी है।

## निधन

### धनेशराम निर्मलकर



**कोपरा।** ग्राम लोहरसी के वरिष्ठ नागरिक धनेशराम निर्मलकर का दिनांक 1 नंवबर को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे देवबती निर्मलकर के पति व मुकेश निर्मलकर और लीलाराम निर्मलकर के पिताजी थे।

**विडंबना : शाम होते ही थाना परिसर बिजली की रौशनी जगमगा उठता है और गांव में छाया रहता है अंधेरा**

# ग्राम जुगाड़ के थाना में पहुंच चुकी बिजली की रौशनी, गांव के लोगों को अब भी है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

■ सरपंच एवं ग्रामीणों ने सांसद, विधायक एवं गरियाबंद कलेक्टर से गांव में बिजली कनेक्शन देने किया मांग

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम जुगाड़ एक ऐसा गांव है जहां बिजली की रौशनी 10-12 वर्श पहले ही पहुंच चुकी है लेकिन यहां बिजली सिर्फ थाना में ही लगाया गया है तथा पूरे जुगाड़ गांव में आज तक बिजली नही पहुंचाई गई है। ग्रामीणों ने कई बार थाना परिशर से बिजली की कनेक्शन गांव में देने की मांग बिजली विभाग के अधिकारियो से कर चुके है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर अब तक कोई ध्यान नही दिया गया है जिसके कारण ग्रामीणों में जहां एक ओर नराजगी देखने को मिल रही है वही अब इस मांग को लेकर ग्रामीण जल्द ही महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक जनक ध्रुव एवं गरियाबंद कलेक्टर से मुलाकात कर गांव में बिजली कनेक्शन देने की मांग करेंगे। ग्रामीणों ने बताया इसके पूर्व भी विधायक सांसद और जिले के पूर्व कलेक्टर को इस समस्या से अवगत करा चुके है लेकिन उनके द्वारा सिर्फ आ”वासन दिया गया है लेकिन ठोस कार्यवाही नही करने के कारण गांव के लोगो को बिजली नही मिल पा रही है।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 30 किमी दूर नेशनल हाइवे 130 सी के उपर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में बसा ग्राम जुगाड़ की जनसंख्या लगभग 780 के आसपास है यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के साथ आदिवासी गोड़ समाज के लोग बड़ी संख्या में निवास करते है जिनके विकास और उत्थान की दावा करते शासन प्रशासन नही थकती लेकिन आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि ग्राम जुगाड़ में 10-12 वर्ष पहले थाना में बिजली लगाई जा चुकी है और गांव के ग्रामीणों को आज तक बिजली की रौशनी से महरूम रखा गया है। गांव में सौर उर्जा प्लेट लगाया गया है लेकिन यह सौर उर्जा सिस्टम बेहद जर्जर और पुराने होने के कारण इनके बैटरी व अन्य कलपुर्जे खराब हो गये है जिसके कारण सौर उर्जा एक दो घंटे ही शाम को जलता है उसके बाद पूरी रात गांव के लोगो को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ता है।




**स्टीमेट बनाकर भेजा गया है**

बिजली विभाग मैनपुर अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया की अब नया आदेश के तहत टाइगर रिजर्व एरिया में केवल अंडरग्राउंड बिजली लगाने के लिए स्टीमेट बनाकर भेजा जा चुका है।

**सरपंच सोहन्तीन सोरी ने कहा- बिजली के लिए करेंगे आंदोलन**

सोहन्तीन बाई सोरी, पूर्व सरपंच बनसिंग सोरी, फगनी बाई, अनुप कश्यप, आदिवासी भुंजिया नेता टीकम नागवंशी व ग्रामीणों ने बताया ग्राम जुगाड़ के ग्रामीण आजादी के बाद से बिजली की मांग कर रहे है ग्राम जुगाड़ में लगभग 2009-10 में थाना खोला गया तो यहां बिजली लगाई गई तब ग्रामीणों में खुशी देखने को मिल रही थी कि गांव के थाना में बिजली पहुंच गया है अब जल्द ही गांव में भी बिजली लग जायेगी लेकिन पिछले 15 वर्षों बाद भी गांव में बिजली का कनेक्शन नहीं दिया गया। यहां स्कूली बच्चे लालटेन की रौशनी में पढ़ाई करने विवश हो रहे हैं साथ ही मोबाइल चार्ज व अन्य जरूरत की चीज पूरी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है की गांव में बिजली लगने से गांव में विकास होगा साथ ही यह क्षेत्र हाथी प्रभावित वन क्षेत्र है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरपंच एवं ग्रामीणों ने बताया की इस समस्या से पूर्व में कलेक्टर को अवगत कराये थे लेकिन अब तक ध्यान नहीं दिया गया। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद, बिन्द्रानवागढ़ के विधायक एवं गरियाबंद कलेक्टर से ग्रामीणों ने बिजली लगाने की मांग किया है।

## श्री राधाकृष्ण मंदिर के शताब्दी वर्ष पर ऐतिहासिक माहभर भोज का आगाज़





हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

सोमवार से श्री राधाकृष्ण मंदिर में भोज का सिलसिला शुरू हो गया। यह सिलसिला मंदिर के 100 वर्ष पूर्ण होने पर कराया जा रहा है। कार्यक्रम पूरे नवंबर माह भर चलेगा। प्रथम दिवस सोमवार को 72 बटुक ब्राम्हण बालको को भोजन प्रसादी ग्रहण कराके श्री गणेश किया गया। यह भोज नगर के इतिहास में स्वर्ण अक्षरो में लिखा जाएगा। ईधर क्रमशः शहर के एक-एक समाजों के पूरे परिवार को भोज के लिए आमंत्रित किया जाएगा जो निरंतर चलेगा। क्रमबद्ध सूची तैयार की गई है जिसके अनुसार विभिन्न समाज के लोगो को आमंत्रित किया जाएगा। पहला दिन ब्राम्हण समाज,पूज्य सिंध समाज, सिख समाज को आमंत्रित किया गया था। इन समाजो के प्रमुख लोगो का श्रीराधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी मोहन अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, किशन सांखला राजू काबरा ने बहुत ही सम्मानपूर्वक भोजन कराया और इसी के साथ तिलक वंदन कर दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस आयोजन से नगर में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के साथ ही समरसता का संदेश दिया है। वैसे भी यह नगर आपसी भाईचारा और आपस में बेहतर संबंध के लिए पूरे प्रदेश में जाना जाता है। हर कार्यक्रम यहां लोग मिलजुलकर करते है। फिर तो श्रीराधाकृष्ण मंदिर का शताब्दी वर्ष है इसमें बढ़-चढ़कर पूरे शहरवासी हर जाति धर्म के लोग अपनी भागीदारी निभा रहे है। शहर का माहोल धर्ममय हो गया है। हर तरफ यही चर्चा है कि इस तरह का आयोजन नई पीढ़ी को देखने को मिल रहा है।

## गरियाबंद जिले में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा 7 को

**कलेक्टर ने ली राष्ट्रीय एकता पदयात्रा के संबंध में पत्रकार वार्ता**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा के संबंध में पत्रकार वार्ता ली। उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा भेंडिया, सहायक संचालक जनसम्पर्क हेमनाथ सिदार सहित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का उद्देश्य लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को नमन करने के साथ उनकी एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। गरियाबंद जिले में एकता पदयात्रा का आयोजन शुक्रवार 07 नवम्बर को सुबह 9 बजे अटल चौक नागाबुड़ा से किया जाएगा और विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी मैदान गरियाबंद में सम्पन्न होगा। प्रत्येक स्थल पर देशभक्ति गीतों के साथ तिरंगा लेकर पदयात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया जाएगा और देश के प्रति उनके योगदानों को याद किया जाएगा। युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और सेवा भावना के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा नागाबुड़ा के अटल चौक से होकर नहरगांव, कोकड़ी से होते हुए जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में सम्पन्न होगी। इसमें स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत वॉलिंटियर भाग सहित आम नागरिक शामिल होंगे। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पदयात्रा के पूर्व स्कूल-कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पदयात्रा के दौरान फिटनेस शिविर, नुक्कड़ नाटक, और नशा मुक्ति के लिए युवा शपथ कार्यक्रम भी होंगे।

कार्यक्रम के दौरान एकता पदयात्रा के प्रतिभागियों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप परीक्षण, डायबिटीज टेस्ट और टीकाकरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, पदयात्रा मार्ग में स्थित सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि एकता के साथ स्वच्छ भारत का संदेश दिया जा सके।

### राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता जामगांव में आज

**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत जामगांव में जागरण सेवा संस्थान एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस जयंती वर्ष, दीपावली, देवउठनी एवं कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार 5 नवंबर को शाम 6 बजे से अटल चौक जामगांव में राज्य स्तरीय भव्य डोजे डांस प्रतियोगिता का भव्य एवं शानदार आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में मुख्यअतिथि के रूप मे जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति श्रीमती नंदनी कोमल ढीढी, वरिष्ट भाजपा नेता राहुल सेन प्रमुख अतिथि तथा ग्राम पंचायत जामगांव की सरपंच श्रीमती रेणुका हीरू डहरे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।कार्यक्रम में राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, किसान मोर्चा भाजपा के जिलाध्यक्ष मनीश हरित, साहित्यकार नूतन साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष मंजू हरित, सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरिश साहू एवं जनपद सदस्य चम्पेश्वरी ध्रुव, विशिष्ठ अतिथि के साथ -साथ विशेश अतिथि के रूप में साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव के अध्यक्ष दोहन साहू, सरपंच सोनासिल्ली तामेश्वर पटेल, रजकटटी सरपंच युधिष्ठिर साहू, खैरझिटी सरपंच योगिता दिनेश शुक्ला, ग्राम पंचायत भेण्डरी सरपंच सविता चुम्मन सिन्हा, कोसमखुंटा सरपंच आसमा बेगम जाकिर खान, गुण्डरदेही सरपंच जीतू ज्योति रवि बघेल, बोरिद पंचायत की सरपंच हुमन राजकुमार सिन्हा, लचकेरा के सरपंच अरूण ध्रुव एवं जामगांव पंचायत की उपसरपंच पार्वती टोमन दीवान कार्यक्रम में भाग लेंगी। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को लेकर लोगो को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम मे प्रथम ईनाम सामूहिक नृत्य मे 10 हजार, द्वितीय ईनाम युगल नृत्य में 4 हजार एवं एकल नृत्य मे 25 सौ रूपया रखा गया है।



## बिहार पहुंचे विधायक, समर्थन में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम



राजिम विधायक रोहित साहू बिहार पहुंच गए है। सोमवार को वे बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के मीठापुर मंडल में भाजपा प्रत्याशी तथा छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के समर्थन में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। बिहार से मोबाइल पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा भाजपा प्रत्याशी नितिन नवीन के पक्ष में मतदान करने आग्रह किया। विधायक श्री साहू ने विश्वास जताया कि बिहार बांकीपुर विधानसभा की जनता, विकास और जनसेवा के लिए इस बार भी एनडीए को प्रचंड जनादेश देगी। स्थानीय जनता के उत्साह और समर्थन ने एनडीए के प्रति मजबूत माहौल का संकेत दिया। प्रचार में छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित,भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू जैसे अनेको वरिष्ठों के नेतृत्व ने अभियान को और अधिक व्यापक रूप में प्रभावशाली बनाया है। जनसंपर्क अभियान में गरियाबंद जिले के भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू भी साथ है।

### राजिम कॉलेज में तीन दिवसीय सेमिनार 6 से

**राजिम।** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजिम में इनवायरमेंटल मैनेजमेंट फार सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर तीन दिवसीय सेमीनार का आयोजन 6 से 8 नवंबर तक होने जा रहा है। इस सेमीनार का उद्धेश्य देश व प्रदेश के अलग-अलग जगहों से आए प्रतिभागियों को अपने विचारो को साझा करने और पर्यावरण प्रबंधन के बेहतर सुझाव व पर्यावरणीय असंतुलन के प्रभावों को कम करने पर व्यापक विचार विमर्श करते हुए बेहतर व कारगर सुझावों को प्रस्तुत करना है। सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सचिदानन्द शुक्ला कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर व विशेष अतिथि जी.ए. घनश्याम संयुक्त संचालक उच्चशिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन व मुख्य वक्ता के रूप में प्रो डॉ. एमएल नायक होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सविता मिश्रा करेंगी। सेमीनार के आयोजन समिति में प्रोएम एल वर्मा, डॉ. समीक्षा चन्द्राकर, डॉ. देवेन्द्र देवांगन, डॉ सर्वेश कौशिक पटेल प्रमुख रूप से हैं।







